Examdt: 03-10-21 (E)

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150
**Paper Code : 46**
**Sub: Philosophy-II**

प्रश्न-पत्र पुस्तिका संख्या /
**Question Paper Booklet No.**

# APCE-12

**समय : 3.00 घण्टे**
**Time : 3.00 Hours**

## Paper - II

**अधिकतम अंक : 75**
**Maximum Marks : 75**

**प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के पेपर सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न–पत्र पुस्तिका पर वही प्रश्न–पत्र पुस्तिका संख्या अंकित है जो उत्तर पत्रक पर अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें । ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।**

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Paper Booklet the candidate should ensure that Question Paper Booklet No. of the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Paper Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर **नीले** बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है ।
6. **OMR** उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

1. प्लेटो द्वारा स्वीकृत सामान्य का सिद्धान्त है :
(1) प्रत्ययवादी
(2) यथार्थवादी
(3) नामवाद
(4) संप्रत्ययवाद

2. ब्रेडले खण्डन करते हैं :
(1) बहुतत्त्ववाद
(2) सुखवाद
(3) अनुभववादी तत्त्वमीमांसा
(4) यह सभी

3. वास्तविक, सामान्य और अनिवार्य ज्ञान केवल सहजात/आत्मजात प्रत्ययों में पाये जाते हैं । यह किसने कहा ?
(1) देकार्त (2) स्पिनोज़ा
(3) लाइब्नित्ज़ (4) कांट

4. यह किसका कथन है : 'दार्शनिकों द्वारा समझा गया द्रव्य एक अचिंत्य काल्पनिक जीव है' ?
(1) लॉक (2) बर्कले
(3) ह्यूम (4) कांट

5. वह मत जो सभी कुछ को जड़ और गति के रूप में समझता है, उसे अनिवार्य नियमों का परिणाम मानता है निम्न विचारधारा का पक्षधारी है :
(1) वैज्ञानिकवाद
(2) भौतिकवाद
(3) साम्यवाद
(4) यथार्थवाद

6. क्या चेतना का अस्तित्व है ?
इस प्रश्न का विलियम जेम्स ने कौन सा उत्तर दिया ?
(1) नहीं, बिलकुल नहीं
(2) नहीं, यदि चेतना का अर्थ किसी प्रकार की सत्ता या मानसिक पदार्थ से है ।
(3) हाँ, यदि चेतना का अर्थ एक क्रियाशील एकता है ।
(4) दोनों (2) और (3)

1. The theory of universals accepted by Plato is :
(1) Idealism
(2) Realism
(3) Nominalism
(4) Conceptualism

2. Bradley rejected
(1) Pluralism
(2) Hedonism
(3) Empirical epistemology
(4) All of these

3. Real, Universal and necessary knowledge is found in innate ideas alone. Who pointed this ?
(1) Descartes (2) Spinoza
(3) Leibnitz (4) Kant

4. Who said "Substance, as understood by philosophers, is an Unintelligible Chimera" ?
(1) Locke (2) Berkeley
(3) Hume (4) Kant

5. The view which explains everything in terms of matter and motion as the effect of necessary laws advocates
(1) Scienticism
(2) Materialism
(3) Communism
(4) Realism

6. To the question 'Does consciousness exist' ? William James replied :
(1) No, not at all.
(2) No, if by consciousness one means some sort of entity or mind stuff.
(3) Yes, if by consciousness one means a functional unity.
(4) Both (2) & (3)

7. कांट के संदर्भ में निम्न में से सही विकल्प चुनें :
(1) सार्वभौमिकता, अनिवार्यता और नवीनता ज्ञान की कसौटी है ।
(2) संश्लेषणात्मक प्रागुनभविक निर्णय ज्ञान की सभी कसौटियों पर खरे उतरते हैं ।
(3) ज्ञान निर्णय के रूप में प्रस्तुत होता है ।
(4) यह सभी

8. वह दार्शनिक जिसने डेकार्ट के पश्चात् उन अधिकांश विचारकों के दृष्टिकोण का खण्ड्न किया जो बाह्य जगत के अस्तित्व को सिद्ध करने की कोशिश कर रहे थे –
(1) बर्कले (2) लॉक
(3) कांट (4) लाइब्नित्ज़

9. जो किसी प्रकार का परिणाम संपादित करता है अरस्तू उसे क्या कहते हैं ?
(1) उपादान कारण
(2) निमित्त कारण
(3) स्वरूप कारण
(4) लक्ष्य कारण

10. ह्यूम के विचार में मानव जाँच में किस प्रकार की विषयवस्तु का कोई भी व्याघाती / विरोधाभास नहीं हो सकता ?
(1) प्रत्ययों के संबंध
(2) यथार्थ तथ्य
(3) पूर्वानुभविक ज्ञान
(4) किसी भी विषय-वस्तु का विरोधाभास संभव है ।

11. किसी भी युक्ति के निष्कर्ष की सत्यता तार्किक रूप से उसके आधार-वाक्यों की सत्यता से निगमित की जा सकती है । यह सत्य है :
(1) सामंजस्य के सिद्धान्त पर
(2) अनुरूपता के सिद्धान्त पर
(3) अर्थक्रियाकारित्व के सिद्धान्त पर
(4) इनमें से कोई नहीं

7. Mark the correct option in the light of Kant :
(1) Universality, Necessity & Novelty are the criterion of knowledge.
(2) Synthetic a priori judgement fulfills all the required criterion of knowledge.
(3) Knowledge appears in the form of judgement.
(4) All of these

8. The philosopher who rejected the approach of most philosophers since Descartes who had been trying to prove the existence of the external world is –
(1) Berkeley (2) Locke
(3) Kant (4) Leibnitz

9. What does Aristotle call that which brings about a certain result ?
(1) Material cause
(2) Efficient cause
(3) Formal cause
(4) Final cause

10. What kind of object of human inquiry does Hume think can never imply a contradiction ?
(1) Relation of Ideas
(2) Matters of fact
(3) A priori knowledge
(4) Any object can imply a contradiction

11. The truth of the conclusion of an argument is logically derivable from the truth of its premises. It holds true for
(1) Coherence theory
(2) Correspondence theory
(3) Pragmatic theory
(4) None of these

12. आप जानते हो नमक सफेद है यदि और केवल यदि तो नमक सफेद है । कौन सा सत्यता का सिद्धान्त है ?
(1) अर्थक्रियाकारित्व
(2) अनुरूपता
(3) तार्किक
(4) सामंजस्य

13. फ्रेगे के अनुसार वाक्य का संदर्भ है
(1) वस्तुनिष्ठ
(2) मानसिक
(3) आध्यात्मिक
(4) व्यक्तिनिष्ठ

14. अनुभव के मुख्य शुद्ध आदर्श स्वरूप पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए अनुभव के तथ्यात्मक पक्ष को 'कोष्ठीकृत' करने की तकनीक मुख्य विशेषता है :
(1) अर्थक्रियावाद की
(2) फेनोमेनालोजी की
(3) पदार्थवाद की
(4) अस्तित्ववादी की

15. निम्न दार्शनिकों में से कौन सा तत्त्वमीमांसा को नहीं नकारता है ?
(1) कांट
(2) ह्यूम
(3) बर्कले
(4) एयर

16. कौन सा कथन ह्यूम के द्रव्यसंबंधी विचार में सत्य नहीं हैं ?
(1) भौतिक द्रव्य अस्तित्ववान है ।
(2) अविभाज्य, अनश्वर, आत्म द्रव्य अज्ञात है ।
(3) द्रव्य का प्रत्यय चाहे मानसिक हो या जड़, अर्थहीन है ।
(4) मानसिक द्रव्य के अस्तित्व को सिद्ध करने हेतु कोई भी अनुभववादी साक्ष्य नहीं है ।

12. You know salt is white if and only if salt is white. Identify the theory of truth.
(1) Pragmatic
(2) Correspondence
(3) Logical
(4) Coherence

13. According to Frege the reference of a sentence is :
(1) Objective
(2) Mental
(3) Spiritual
(4) Subjective

14. The technique of 'Bracketing' of the factual dimension of our experience in order to focus attention on its essential ideal aspect is essential feature of :
(1) Pragmatism
(2) Phenomenology
(3) Essentialism
(4) Existentialism

15. Which of the below given philosophers does not deny metaphysics ?
(1) Kant
(2) Hume
(3) Berkeley
(4) Ayer

16. Which statement is not true about Hume's view on substance ?
(1) Material substance exists.
(2) Indivisible, immortal, soul substance is unknown.
(3) Idea of substance applied to matter or mind is meaningless.
(4) No empirical evidence for the existence of mental substance.

17. ______ के अनुसार दर्शन ऐसी क्रिया है जिसके माध्यम से कथनों का अर्थ स्पष्ट और परिभाषित होता है ।

(1) डब्ल्यू. वी. क्वाइन
(2) विटगेन्स्टाइन
(3) ए.जे. एयर
(4) श्लिक

18. "मनुष्य पूरी तरह से स्वतन्त्र और पूरी तरह से उत्तरदायी है । पीड़ा उसका परिणाम है ।" यह किसका कथन है ?

(1) सार्त्र
(2) कामू
(3) यास्पर्स
(4) नीत्शे

19. सोरेन कर्केगार्ड के अनुसार व्यक्ति अपने जीवन-काल में ______ संभावित अवस्थाओं से गुजर सकता है ।

(1) 2
(2) 4
(3) 5
(4) 3

20. प्रत्येक वस्तु परिवर्तनशील है, विरोधाभास से गुजरती है । यह प्रक्रिया है :

(1) आंगिक/जैविक प्रक्रिया
(2) द्वन्द्वात्मक प्रक्रिया
(3) चिन्तनशील प्रक्रिया
(4) अमूर्तीकरण की प्रक्रिया

21. निम्न में से कौन सा कथन स्पिनोजा की ईश्वर की धारणा पर लागू नहीं होता ?

(1) ईश्वर द्रव्य है ।
(2) ईश्वर निर्वैयक्तिक है ।
(3) ईश्वर का व्यक्तित्व है ।
(4) ईश्वर स्व-रचयिता है ।

17. According to ______ philosophy is the activity by means of which the meaning of statements is clarified and defined.

(1) W.V. Quine
(2) Wittgenstein
(3) A. J. Ayer
(4) Schlick

18. "A human being is absolutely free and absolutely responsible, anguish is the result." Who said this ?

(1) Sartre
(2) Camus
(3) Jaspers
(4) Nietzsche

19. Soren Kierkegaard identified ______ possible stages that a person can move through in their life time.

(1) 2
(2) 4
(3) 5
(4) 3

20. Everything tends to change, to pass over into contradiction. This process is

(1) Organic process
(2) Dialectical process
(3) Speculative process
(4) Abstraction process

21. Which statement does not hold true for Spinoza's conception of God ?

(1) God is substance.
(2) God is impersonal.
(3) God has a personality.
(4) God is self-creative.

22. अरस्तू की कारणता की धारणा
(1) वैज्ञानिक है।
(2) यांत्रिक है।
(3) तत्त्वमीमांसीय है।
(4) इनमें से कोई नहीं

23. सत्यता के उस सिद्धान्त को चिह्नित करें जो निम्न विवरण को सबसे सही दर्शाता है :
सत्य अन्तर-सम्बन्धित कथनों के विस्तृत निकाय का एक गुण है इसलिए कथनों में सत्यता व असत्यता की मात्रा होती है।
(1) सामंजस्य सिद्धान्त
(2) अनुरूपता का सद्धान्त
(3) अर्थक्रियाकारित्व का सिद्धान्त
(4) अर्थ-सम्बंधी सिद्धान्त

24. अस्तित्व सार का पूर्वगामी है – यह किस विचारधारा का केन्द्र-बिन्दु है ?
(1) प्रत्ययवाद
(2) द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद
(3) अस्तित्ववाद
(4) इनमें से कोई नहीं

25. ईश्वर मृत है – यह कथन किसका है ?
(1) ह्यूम
(2) फ्रेंसिस बेकन
(3) हुसर्ल
(4) नीत्शे

26. हीगल का दर्शन है :
(1) प्रपंचात्मक प्रत्ययवाद
(2) व्यक्तिनिष्ठ प्रत्ययवाद
(3) निरपेक्ष प्रत्ययवाद
(4) अतींद्रिय प्रत्ययवाद

22. Aristotle's concept of causation is :
(1) Scientific
(2) Mechanical
(3) Metaphysical
(4) None of these

23. Identify the theory of truth which best characterizes the following description :
Truth is a property of an extensive body of inter-related statements hence, statements have a degree of truth and falsity.
(1) Coherence
(2) Correspondence
(3) Pragmatic
(4) Semantic theory

24. Existence precedes essence is the central theme of
(1) Idealism
(2) Dialectical materialism
(3) Existentialism
(4) None of these

25. God is dead – who made this statement ?
(1) Hume
(2) Francis Bacon
(3) Husserl
(4) Nietzsche

26. The philosophy of Hegel is known as :
(1) Phenomenal Idealism
(2) Personal Idealism
(3) Absolute Idealism
(4) Transcendental Idealism

27. अन्य / दूसरे व्यक्तियों की अवधारणों को जन्म देने की कला है :

(1) धोखाधड़ी

(2) वक्तृत्व-कला

(3) बौद्धिक धातृत्व

(4) तर्क-वितर्क

28. कांट के अनुसार ______ निर्णय सदैव प्रागनुभविक होते हैं ।

(1) विश्लेषणात्मक

(2) संश्लेषणात्मक

(3) नैतिक

(4) इनमें से कोई नहीं

29. सभी घटनाओं का कारण होता है । कांट इसकी व्याख्या कैसे करते हैं ?

(1) यह मनस की एक आदत है ।

(2) हमने अनुभव में कारण को घटनाओं का पूर्वगामी देखा है ।

(3) यह पूर्व-स्थापित सामंजस्य के कारण होता है ।

(4) कारणता की मूल-धारणा लागू होने की वजह से

30. बर्कले के अनुसार :

(1) प्रत्यय अस्तित्ववान है परन्तु मनस् नहीं ।

(2) मनस् अस्तित्ववान है परन्तु प्रत्यय नहीं ।

(3) प्रत्यय और मनस् दोनों अस्तित्ववान हैं ।

(4) न तो प्रत्यय और न ही मनस् अस्तित्ववान है ।

31. 'एक अच्छा घड़िसाज़ दो ऐसी घड़ियों को रच सकता है जो बराबर एक-दूसरे से मिली हैं और सदैव एक ही समय बताती हैं ।' यह स्थिति स्वीकार्य है :

(1) स्पिनोजा को

(2) लाइब्नित्ज़ को

(3) देकार्त को

(4) लॉक को

27. It is the art of ______ which brings other men's ideas to birth.

(1) Deception

(2) Oratory

(3) Intellectual midwifery

(4) Argumentation

28. According to Kant ______ judgements are always a posteriori.

(1) Analytical

(2) Synthetic

(3) Ethical

(4) None of these

29. Everything has a cause. How does Kant interpret it ?

(1) It is the habit of mind.

(2) We have seen events being preceded by causes.

(3) It is a case of pre-established harmony.

(4) It is because of the application of the category of causality.

30. According to Berkeley

(1) Ideas but not the mind exists.

(2) Minds but not the ideas exist.

(3) Both ideas and the mind exist.

(4) Neither ideas nor the mind exist.

31. 'A good clockmaker can construct two clocks which will keep such perfect time that they forever strike the hours at the same moment'. This position is acceptable to :

(1) Spinoza

(2) Leibnitz

(3) Descartes

(4) Locke

32. यह कथन किसने कहा है 'जब थोड़े से काम चल सकता है, तो ज्यादा से काम लेना व्यर्थ है' ?
(1) फ्रेगे
(2) रसेल
(3) विलियम ऑफ ओक्हेम्स
(4) विटगेनस्टाइन

33. अपनी पुस्तक 'इन्डिविड्यूल्स' में किसने वैयक्तिक अनन्यता की समस्या को रेखांकित किया ?
(1) क्रिपके
(2) लॉक
(3) पी.एफ. स्ट्रॉसन
(4) ऑस्टिन

34. प्रकृतिवाद वह दार्शनिक विचारधारा जिसके अनुसार विश्व-प्रक्रिया :
(1) उद्देश्यविहीन और नियत है ।
(2) ईश्वर द्वारा प्रकृति के नियमों के अनुरूप रचित है ।
(3) मनुष्यों के लिए मुख्यतः।
(4) केवल धार्मिक विश्वासों द्वारा ज्ञात ।

35. _____ के अनुसार द्रव्य एक जटिल प्रत्यय है ।
(1) स्पिनोज़ा
(2) देकार्त
(3) लॉक
(4) ह्यूम

36. प्राक्कल्पना कभी भी सत्य नहीं मानी जा सकती है क्योंकि आगामी अध्ययन भिन्न परिणाम उत्पन्न कर सकता है जो उस प्राक्कल्पना का खण्डन करती है । इसे कहा जाता है :
(1) साक्ष्य की समस्या
(2) आगमन की समस्या
(3) पुनरावृत्ति की समस्या
(4) निगमन की समस्या

32. To whom is this statement attributed – "It is vain to do with more what can be done with fewer" ?
(1) Frege
(2) Russel
(3) William of Ockhams
(4) Wittgenstein

33. Who highlighted the problem of personal identity in his book 'Individuals' ?
(1) Kripke
(2) Locke
(3) P.F. Strawson
(4) Austin

34. Naturalism is the philosophical belief that the world process is
(1) Purposeless and deterministic
(2) Created by God in accordance with the laws of nature
(3) Primarily for human beings
(4) Only understood through religious beliefs

35. _______ suggests that the idea of substance is a complex idea.
(1) Spinoza
(2) Descartes
(3) Locke
(4) Hume

36. Hypotheses cannot be 'known' to be true because the next study might produce different results that refutes the hypotheses. This is known as :
(1) The problem of proof
(2) The problem of induction
(3) The problem of replication
(4) The problem of deduction

37. निम्नोक्त काण्ट की कोपरनिकन क्रांति द्वारा अभिप्रेरित नहीं है :

(1) सहज वस्तुवाद का खण्डन

(2) प्रत्यय के बिना ऐन्द्रिक अन्तःप्रज्ञा का अंधापन

(3) अनुभवातीत प्रत्ययवाद का खण्डन

(4) बिना ऐन्द्रिक अन्तःप्रज्ञा के प्रत्ययों का खोखलापन

38. बर्कले भौतिक द्रव्य का खण्डन करता है क्योंकि

(1) वह एक अमूर्त प्रत्यय है ।

(2) वह एक विशुद्ध प्रत्यय है ।

(3) वह एक अन्तर्वती प्रत्यय है ।

(4) ईश्वर द्वारा प्रदत्त है ।

39. आत्मनिष्ठ प्रत्ययवाद स्वीकार करता है :

(1) विषय की ज्ञाता मनस से स्वतन्त्र सत्ता है ।

(2) विषय की ज्ञाता मनस से स्वतन्त्र सत्ता नहीं है ।

(3) मनस पदार्थ पर आश्रित है ।

(4) मनस एवं पदार्थ दोनों परस्पर आश्रित हैं ।

40. मूर के अनुसार शुभ की परिभाषा जिसमें प्राकृतिक दोष नहीं है, वह निम्नोक्त है :

(1) शुभ ईश्वराज्ञा है ।

(2) सभी शुभ कर्म सुख उत्पन्न करते हैं ।

(3) शुभ सद्गुण है ।

(4) शुभ अपरिभाष्य है ।

41. निम्नोक्त में से प्लेटो की व्यवस्था में संयम रूपी सद्गुण पर सटीक बैठता है :

(1) संयम ऐसा सद्गुण है जो सुख के प्रलोभनों का प्रतिरोध करता है ।

(2) संयम सुख का विरोधी है ।

(3) संयम बुद्धि और मानव स्वभाव की अन्य प्रवृत्तियों में उचित संतुलन स्थापित करता है ।

(4) संयम नकारात्मक सद्गुण जो केवल क्षुधाओं को दबाती है ।



37. Which one of the following is not implied by Kant's Copernican Revolution ?

(1) Rejection of Naive Realism

(2) Blindness of sensible intrusion without concepts.

(3) Rejection of transcendental idealism

(4) Emptiness of thought or concepts without sensible intuition.

38. Berkeley rejects physical substance because

(1) it is an abstract idea.

(2) it is a pure idea.

(3) it is an immanent idea.

(4) it is given by God.

39. Subjective idealism accepts :

(1) Object exists independent of knowing mind

(2) Object does not exist independent of knowing mind.

(3) Mind is dependent on matter.

(4) Mind and matter are interdependent

40. According to Moore the definition of good which does not commit naturalistic fallacy is

(1) good means command of god

(2) all good actions produce pleasure

(3) good is virtuous

(4) good is indefinable

41. Which of the following holds true for temperance as a virtue in Platonic framework ?

(1) Temperance is the virtue which only offers resistance to the allurements of pleasure

(2) Temperance is antagonistic to pleasure

(3) Temperance demands a reasonable moderation of reason with the other tendencies of human nature.

(4) Temperance is negative virtue engaged only in repressing the appetites.

42. दण्ड के किस सिद्धान्त में मृत्युदण्ड औचित्यपूर्ण हो सकता है ?
(1) सुधारात्मक
(2) प्रतिरोधात्मक
(3) प्रतिकारात्मक
(4) इनमें से कोई नहीं

43. यह कथन किसका है – "नैतिक विधेय तथ्यात्मक नहीं होते हैं, वे उस परिस्थिति के किसी वैशिष्ट्य का वर्णन नहीं करते जिस पर वे लागू होते हैं" ?
(1) आर.एम. हेयर
(2) ब्रेथवैट
(3) ए.जे. ऐयर
(4) सी.एल. स्टीवेन्सन

44. निम्नोक्त युग्म में से कौन सा सही युग्म नहीं है ?
(1) आर.एम. हेयर – सार्वभौमिक परामर्शवाद
(2) ए.जे. ऐयर – नैतिक कथन अर्थहीन हैं।
(3) सी.एल. स्टीवेनसन – नैतिक निर्णय आज्ञा हैं।
(4) पी.एच. नॉवल-स्मिथ – नैतिक शब्द वर्णनात्मक शब्द हैं।

45. नैतिक निर्णय निरपेक्ष होते हैं। इस विचारधारा का खण्डन किया गया :
(1) कांट द्वारा
(2) तार्किक प्रत्यक्षवादियों द्वारा
(3) प्लेटो द्वारा
(4) इन सभी के द्वारा

46. निम्नोक्त में से कौन सा नैतिक अवधारण नैतिक प्रकृतिवाद का रूप है ?
(1) संवेगवाद
(2) परामर्शवाद
(3) उपयोगितावाद
(4) प्रत्यक्षवाद

42. In which theory of punishment capital punishment can find justification ?
(1) Reformative
(2) Deterrent
(3) Retributive
(4) None of these

43. Who said : ethical predicates are not factual, they do not describe any feature of the situation to which they are applied
(1) R.M. Hare
(2) Braithwaite
(3) A.J. Ayer
(4) C.L. Stevenson

44. Which pair of the below given matches is not correct ?
(1) R.M. Hare – Universal prescriptivism
(2) A.J. Ayer – Ethical statements are meaningless.
(3) C.L. Stevenson – Moral judgements are commands.
(4) P.H. Nowell-Smith – Ethical words are descriptive words.

45. Moral judgements are absolute. This notion was refuted by
(1) Kant
(2) Logical Positivists
(3) Plato
(4) All of these

46. Which one of the following ethical theories is a form of Ethical Naturalism ?
(1) Emotivism
(2) Prescriptivism
(3) Utilitarianism
(4) Positivisim

47. नैतिक संविति सिद्धान्त प्रतिनिधित्व करता है :
(1) दार्शनिक अन्तःप्रज्ञावाद का
(2) अदार्शनिक अन्तःप्रज्ञावाद का
(3) तार्किक अन्तःप्रज्ञावाद का
(4) नैतिक अन्तःप्रज्ञावाद का

48. निम्नोक्त नैतिक सिद्धान्तों में से कौन सा यह मानता है कि नैतिक निर्णय से आदेश निर्गमित होते हैं ?
(1) संवेगवाद
(2) प्रत्यक्षवाद
(3) उपयोगितावाद
(4) परामर्शवाद

49. वह तत्त्व जो नैतिक निर्णयों को अन्य आदेशों से भिन्न करते है, वह है :
(1) सार्वभौमिकता का नियम
(2) आध्यात्मिकता का अस्तित्व
(3) विषयीनिष्ठता
(4) ईश्वराज्ञा

50. काण्ट के अनुसार संकल्प को उचित बनाने वाली विशेषता है :
(1) वह शुभ परिणामों को उत्पन्न करता है ।
(2) वह सबके सुख को सुनिश्चित करता है ।
(3) वह प्रचलित कानून के अनुरूप है ।
(4) वह बौद्धिक सिद्धान्त के अनुरूप है ।

51. यह किसका कथन है 'आत्म-त्याग अपने आप के लिए सदैव अबौद्धिक और अनैतिक है' ?
(1) ब्रेडले
(2) हेस्टिंग्स रैशडल
(3) जे.एस. मिल
(4) कांट

47. Moral sense theory represents :
(1) Philosophical intuitionism
(2) Unphilosophical intuitionism
(3) Logical intuitionism
(4) Ethical intuitionism

48. Which one of the ethical theories holds that moral judgements entail imperatives ?
(1) Emotivism
(2) Positivism
(3) Utilitarianism
(4) Prescriptivism

49. The element that separates moral judgements from other imperatives is
(1) Principle of universality
(2) Existence of spirituality
(3) Subjectivity
(4) Commands of God

50. According to Kant the characteristic which makes willing right is
(1) It must lead to good consequences.
(2) It ensures happiness for all.
(3) It is in accordance to the law of land.
(4) It is in accordance to a rational principle.

51. Who said 'self-sacrifice for its own, sake is always irrational and immoral' ?
(1) Bradley
(2) Hastings Rashdall
(3) J.S. Mill
(4) Kant

52. यह धारणा कि व्यक्ति का नैतिक कर्त्तव्य सम्पूर्ण समुदाय के सुख के लिए है निम्न विचारधारा से जुड़ी है :
(1) सार्वभौमवाद
(2) परोपकारवाद
(3) उपयोगितावाद
(4) सुखवाद

53. वह सिद्धान्त जो बिना किसी युक्ति के नैतिक विषय के बोध को तात्कालिक मानता है, उसे निम्नोक्त कहा जाता है :
(1) अन्तःप्रज्ञावाद
(2) परिणामनिरपेक्षवाद
(3) पूर्णतावाद
(4) परिणामवाद

54. टी.एच. ग्रीन की दार्शनिक विचारधारा है :
(1) वस्तुनिष्ठ प्रत्ययवाद
(2) समीक्षात्मक प्रत्ययवाद
(3) व्यक्तिनिष्ठ प्रत्ययवाद
(4) इनमें से कोई नहीं

55. जी.ई. मूर का 'प्रत्ययवाद का खण्डन' निम्न में से किस पर आधारित है ?
(1) मन और जड़ के भेद पर
(2) बोध और संदर्भ के भेद पर
(3) ज्ञाता और जानने के कृत्य के भेद पर
(4) संवेदन की वस्तु व संवेदन के भेद पर

56. 'शुभ वह है जिसकी मानव इच्छा करता है।' मिल के इस कथन में निम्न दोष है :
(1) समानार्थकता का दोष
(2) आत्मश्रण दोष
(3) संदिग्धार्कता का दोष
(4) प्राकृतिक दोष

52. The view that it is the moral duty of an individual to seek the good of the community as a whole is ascribed to :
(1) Universalism
(2) Altruism
(3) Utilitarianism
(4) Hedonism

53. Theory which believes in apprehension of moral object immediately without there being any reasoning about it is known as :
(1) Intuitionism
(2) Deontology
(3) Perfectionism
(4) Teleology

54. Philosophical position of T.H. Green is :
(1) Objective Idealism
(2) Critical Idealism
(3) Subjective Idealism
(4) None of these

55. G.E. Moore's refutation of Idealism is based on which of the following ?
(1) Distinction between mind & matter
(2) Distinction between sense & reference
(3) Distinction between knower & the act of knowing
(4) Distinction between act of awareness and object of awareness

56. Good is what man does actually desire.
This statement of Mill commits :
(1) Fallacy of equivocation
(2) Fallacy of begging the question
(3) Fallacy of ambiguity
(4) Naturalistic fallacy

57. निम्नलिखित परिभाषाओं में से कौन सी परिभाषा सही है ?

मनोवैज्ञानिक सुखवाद के अनुसार :

(1) मनुष्य स्वभावतः सुख की प्राप्ति व दुख की निवृत्ति की ओर प्रवृत्त होता है ।

(2) मनुष्य को सुख की ओर प्रवृत्त होना चाहिये ।

(3) मनुष्य स्वभावतः सुख की ओर प्रवृत्त नहीं होता परन्तु उसे सुख की ओर प्रवृत्त होना चाहिये ।

(4) मनुष्य स्वभावतः सुख की ओर प्रवृत्त होता है व उसे सुख की ओर प्रवृत्त होना चाहिये ।

58. बटलर के अनुसार अन्तर्विवेक है :

(1) अन्तःप्रज्ञात्मक

(2) चिंतनशील

(3) बौद्धिक

(4) यह सभी

59. विकासवाद के अनुसार शुभ आचरण से तात्पर्य है :

(1) अनैच्छिक कर्म

(2) अस्तित्वहेतु कर्म

(3) आदतजन्य कर्म

(4) सद्‌गुणयुक्त कर्म

60. निम्नोक्त में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं ?

(1) सिजविक के अनुसार एकमात्र सुख आन्तरिक रूप से मूल्यवान है ।

(2) काण्ट के अनुसार उपयुक्त मात्रा में सुख युक्त सद्‌गुण आन्तरिक रूप से शुभ है ।

(3) मूर के अनुसार आंतरिक रूप से शुभ वस्तुएँ जैविक सम्पूर्ण हैं ।

(4) यह सभी

57. Which of the following definitions is correct ?

Psychological Hedonism holds :

(1) Man naturally seeks pleasure and shuns pain

(2) Man ought to seek pleasure

(3) Man does not naturally seek pleasure but ought to seek pleasure

(4) Man naturally seeks pleasure and ought to seek pleasure

58. According to Butler conscience is :

(1) Intuitive

(2) Reflective

(3) Rational

(4) All of these

59. Good conduct for evolutionists means :

(1) Involuntary action

(2) Survival action

(3) Habitual action

(4) Virtuous action

60. Which of the following statements are true ?

(1) Sidgwick held that pleasure was the only thing of intrinsic value.

(2) Kant held virtue combined with an appropriate amount of happiness is intrinsically good.

(3) Moore held that intrinsically good objects are organic wholes.

(4) All of these

61. हीगल के अनुसार नैतिकता की उच्चतम अवस्था है :
(1) अन्तःप्रज्ञात्मक नैतिकता
(2) सामाजिक बाध्यता
(3) व्यक्तिगत एवं सामाजिक हित का एकीकरण
(4) परार्थवाद

62. ब्रेडले का 'मेरा स्थान एवं उसके कर्त्तव्य' का तात्पर्य है :
(1) हर किसी का अपना
(2) प्रत्येक व्यक्ति की समाज में एक विशिष्ट पात्रता और उससे सन्निहित कर्त्तव्य होते हैं ।
(3) प्रत्येक व्यक्ति अपने नैतिक मूल्यों का चयन स्वयं करता है ।
(4) कर्त्तव्य के लिए कर्त्तव्य

63. बूल द्वारा निरूपाधिक तर्कवाक्यों की व्याख्या से निम्नलिखित नहीं निगमित होता है :
(1) विशेष तर्कवाक्य का सत्तात्मक तात्पर्य है ।
(2) A और E तर्कवाक्य रिक्त वर्ग नहीं है ।
(3) I और O तर्कवाक्य अनुविपरीत नहीं है ।
(4) A और E तर्कवाक्य विरोधी है

64. निम्न आकार वाली अवैध न्याययुक्ति द्वारा कौन सा दोष उत्पन्न होता है ? AIO – 3
(1) अव्याप्त मुख्य पद
(2) अव्याप्त अमुख्य पद
(3) अव्याप्त मध्यम पद
(4) इनमें से कोई नहीं

65. जब हम एक वाक्य की सत्यता को सिद्ध करने के लिए उसकी सत्यता को मान लेते हैं तब एक दोष उत्पन्न होता है । निम्न में से कौन सा उस दोष का नाम नहीं है ?
(1) आत्माश्रय दोष
(2) पेटिटीयो प्रिंसिपाई
(3) चक्रक दोष
(4) असंगत निष्कर्ष दोष

61. According to Hegel the highest state of morality is :
(1) Intuitive morality
(2) Social obligatoriness
(3) Unity of Individual and social welfare
(4) Altruism

62. 'My station and its duties' Bradley implies :
(1) Each to his own
(2) Each individual has a particular role in the society and duties related to that role.
(3) Each individual chooses his own moral values
(4) Duty for duty's sake

63. Boolean Interpretation of categorical proposition does not entail :
(1) Particular propositions have existential import
(2) A & E propositions are not an empty class
(3) I & O propositions are not sub-contraries
(4) A & E proposition are contraries

64. Name the fallacy committed by the invalid syllogism of form :
AIO – 3
(1) Illicit major
(2) Illicit minor
(3) Undistributed middle term
(4) None of these

65. When we assume the truth of the very point we have set out to prove we are committing a fallacy which of the following is <u>Not</u> a name of this fallacy ?
(1) Begging the question
(2) Petitio principii
(3) Circular reasoning
(4) Ignoratio Elenchi

66. निम्न में से कौन सा न्याययुक्ति का वैध नियम है ?

(1) अमुख्य पद कम से कम एक बार आधार वाक्य में व्याप्त हो।

(2) दो निषेधात्मक आधारवाक्यों से निष्कर्ष निगमित नहीं हो सकता है।

(3) यदि दोनों आधारवाक्य विशेष हैं तो निष्कर्ष भी विशेष ही होगा।

(4) कोई भी पद आधारवाक्यों में व्याप्त नहीं हो सकता यदि वह निष्कर्ष में व्याप्त नहीं है।

67. निम्नलिखित में से कौन सा वर्ग पिताओं के वर्ग का पूरक वर्ग है ?

(1) माताओं का वर्ग

(2) बच्चों का वर्ग

(3) माँ–बाप का वर्ग

(4) अ–पिताओं का वर्ग

68. $\sim (p \vee q) \equiv (\sim p \cdot \sim q)$ क्या ये :

(1) तार्किक समतुल्य है ?

(2) शाब्दिक प्रतिपत्ति समतुल्य है ?

(3) दोनों तार्किक और शाब्दिक प्रतिपत्ति समतुल्य हैं।

(4) दोनों में से कोई भी नहीं

69. एक हेतुमत् कथन में जब तक का अर्थ है यदि नहीं और प्रविष्ट कराता है

(1) निषेध को

(2) संयोजन को

(3) अनुवर्ती को

(4) पूर्ववर्ती को

70. तर्कवाक्य तर्कशास्त्र कथनों और ______ के स्थान पर प्रतीकों का प्रयोग करता है।

(1) अ–कथन

(2) सत्यता मूल्य

(3) उद्देश्य और विधेय के संबंध

(4) कथनों के मध्य संबंध



66. Which of the following states a valid rule of syllogism ?

(1) The minor term must be distributed at least once in the premises.

(2) No conclusion follows from two negative premises

(3) If both the premises are particular the conclusion must be particular.

(4) No term can be distributed in the premise if it is not distributed in the conclusion.

67. Which class of the following classes is complementary class of the class of fathers ?

(1) the class of mothers

(2) the class of children

(3) the class of parents

(4) the class of non-fathers

68. $\sim (p \vee q) \equiv (\sim p \cdot \sim q)$ Is it :

(1) Logically equivalent ?

(2) Materially equivalent ?

(3) Logically and materially equivalent

(4) Neither of the two

69. In a conditional statement, unless means if not and introduces

(1) Negation

(2) The conjunct

(3) The consequent

(4) The antecedent

70. Propositional logic uses symbols to stand for statements and ______.

(1) Non-statements

(2) Truth values

(3) The relationships between subject & predicate

(4) The relationships between statements

71. निगमनात्मक युक्ति में आधार-वाक्य और निष्कर्ष के मध्य जो संबंध है वह है :
(1) संयोजन
(2) हेत्वाश्रय
(3) प्राक्कल्पना
(4) इनमें से कोई नहीं

72. वैध निरूपाधिक युक्ति में मुख्य पद होता है :
(1) अमुख्य पद वाक्य का उद्देश्य पद
(2) मुख्य पद वाक्य का विधेय पद
(3) निष्कर्ष का उद्देश्य पद
(4) निष्कर्ष का विधेय पद

73. निरूपाधिक तर्कवाक्य संकेत कर सकते हैं :
(1) वर्ग के सभी सदस्यों की ओर
(2) वर्ग के कुछ सदस्यों की ओर
(3) सभी और कुछ सदस्यों की ओर
(4) न ही सब न ही कुछ सदस्यों की ओर

74. एमेजॉन बेसिन पृथ्वी की 20% ऑक्सीजन पैदा करती है, अधिकांश वर्षा उत्पन्न करती है और अनेक अज्ञात जातियों को आश्रय देती है । यह वाक्य है :
(1) सरल तर्कवाक्य
(2) तीन तर्कवाक्यों का संयोजन
(3) दो तर्कवाक्यों का संयोजन
(4) इनमें से कोई नहीं

75. निम्न में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?
(1) सभी वैध तर्क युक्तियाँ केवल सत्य न्यायवाक्य सम्मिलित करती हैं ।
(2) एक युक्ति तब भी वैध हो सकती है जबकि उसके एक या अधिक आधारवाक्य सत्य नहीं हों ।
(3) एक युक्ति वैध हो सकती है जबकि उसके दो असत्य आधारवाक्य और निष्कर्ष सत्य हों ।
(4) एक युक्ति वैध है, यह उसके निष्कर्ष की सत्यता को सुनिश्चित नहीं करता ।

71. In a deductive argument the relationship between premises and conclusion is of
(1) Conjunction
(2) Implication
(3) Hypotheses
(4) None of these

72. In a valid categorical syllogism major term is the
(1) Subject term in the minor premise
(2) Predicate term in the major premise
(3) Subject term in the conclusion
(4) Predicate term in the conclusion

73. Categorical proposition may refer to :
(1) All members of a class.
(2) Some members of a class
(3) Both all & some members
(4) Neither all nor some members

74. The Amazon Basin produces roughly 20% of the Earth's oxygen, creates much of its rainfall and harbours many unknown species. This sentence asserts :
(1) Single proposition
(2) Conjunction of 3 propositions
(3) Conjunction of 2 propositions
(4) None of these

75. Which of the following statements is not true ?
(1) All valid arguments contain only true propositions.
(2) An argument may be valid even if one or more of its premises is not true.
(3) An argument can be valid with two false premises and a true conclusion.
(4) The fact that an argument is valid does not guarantee the truth of its conclusion.

76. सभी यौगिक प्रतिज्ञप्तियाँ अपने अवयवों की सत्यता स्थापित करती हैं । क्या यह :
(1) सदैव सत्य है ?
(2) सदैव असत्य है ?
(3) कभी सत्य, कभी असत्य
(4) इनमें से कोई नहीं

77. $(x)\ (H_x \supset M_x)$
उपरोक्त प्रतीकात्मक आकार निम्नलिखित किस पारंपरिक तर्कवाक्य का प्रतिनिधित्व करता है ?
(1) A
(2) E
(3) I
(4) O

78. $\sim (p \cdot q) \equiv \sim p \vee \sim q$ यह है :
(1) व्याप्ति का नियम
(2) डी मार्गन का नियम
(3) वस्तुगत आपादान का नियम
(4) विनिमय का नियम

79. निम्न में से कौन सा तर्कवाक्य पुनर्कथन है ?
(1) $(p \vee q) \rightarrow q$
(2) $p \vee (q \rightarrow p)$
(3) $p \vee (p \rightarrow q)$
(4) दोनों (2) और (3)

80. $p \vee \sim p$ द्वारा विचार के कौन से नियम का प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व किया गया है?
(1) व्याघात का नियम
(2) तादात्म्य का नियम
(3) मध्य परिहार का नियम
(4) इनमें से कोई नहीं

81. संबंध के आधार पर तर्कवाक्य विभाजित होते हैं
(1) अनिवार्य और अनिश्चित
(2) निरूपाधिक और हेत्वाश्रित
(3) अस्तिवाचक और निषेधात्मक
(4) सामान्य और विशेष



76. All compound propositions assert the truth of their components. Is it :
(1) always true ?
(2) always false ?
(3) Sometimes true, sometimes false
(4) None of these
